# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
विनोवापुरी (लोलेपुर), निकट वर्मा उपवन, जनपद–सुल्तानपुर
Email ID- exenjn_rsultanpur@yahoo.com

पत्रांक : 2915 / ळ-19 / 90 दिनांक : 19/06/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषय :–दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल मीडिया दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर **"पाल्हनपुर में जल जीवन मिशन की टंकी अधूरीः एक साल से काम ठप, 4420 ग्रामीण पेयजल संकट का सामना कर रहे"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि **विकासखण्ड–भदैया में पाल्हनपुर पाइप पेयजल योजना** का निर्माण कार्य मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी, नोएडा द्वारा कराया जा रहा है। योजना में प्रस्तावित कार्य नलकूप–01 नग, पम्पहाउस–01 नग, बाउन्ड्रीवाल–01 नग, उच्च जलाशय (275 किली0 / 16 मी0)–01 नग, पाइप लाइन–25.70 किमी0, एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन–716 नग, सोलर–01 नग हैं। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–01 पूर्ण, पम्पहाउस–01 नग (90%) पूर्ण, बाउन्ड्रीवाल–01 नग (90%) पूर्ण, वितरण प्रणाली–23.90 किमी0 पूर्ण, एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन–320 नग पूर्ण, उच्च जलाशय–01 नग पीसीसी लेवल (10%) तक पूर्ण है। योजना की कार्यलागत रू0 484.11 लाख के सापेक्ष कार्यदायी फर्म को रू0 225.70 लाख का (47%) भुगतान हो चुका है।

योजनाओं को धीमी गति होने के कारण अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 725/JJM (Sultanpur)/2026-27/Tech-05 दिनांक 27 मई, 2026 द्वारा फर्म के विरूद्व 1% अतिरिक्त कुल **2% L.D.** अध्यारोपित भी किया गया है।

कार्यदायी फर्म अपने पत्रांक VTL-GAJA JV/DWSM/SLNP/2026-2027/55 दिनांक 19.06.2026 (संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है कि योजना के अवशेष वितरण प्रणाली, हाउस कनेक्शन तथा उच्च जलाशयों के कार्यो को दिनांक 30 दिसम्बर, 2026 तक पूर्ण कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

अतः उक्त प्रकरण निक्षेपित करवाने की कृपा करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(वकार हुसैन)
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) अयोध्या कैम्प–सुलतानपुर।
5. जिला सूचना अधिकारी, सुलतानपुर।
6. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता / श्री धर्मनाथ यादव, जूनियर इंजीनियर।
7. मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी, नोएडा।।

**अधिशासी अभियन्ता**

Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Private Limited JV
Club 125, 6th Floor, Tower 'A', Plot No.-3,4 & 5, Sector 125, Noida-201301, India
Phone: +91-120-4950200 | Fax: +91-120-4950222 | Email: epc.upjal@vtlrewa.com
PAN: AAHAV1983F | GSTIN: 09AAHAV1983F1Z4

Letter No: VTL-GAJA JV/DWSM/SLNP/2026-2027/55 Date: 19.06.2026

To,
Executive Engineer (Civil)
U.P Jal Nigam (Rural)
Sultanpur, Uttar Pradesh

Reference: Survey, Design, Preparation of DPR, Construction, Commissioning and O&M for 10 Years of Various Rural Water Supply Projects in the State of Uttar Pradesh as per Request for Proposal for Phase-3 Division- Ayodhya(Sultanpur).

Subject:- **Submission of Completion Plan of Palhanpur(Bhadaiya)**

**Dear Sir,**
**Submission of Completion Plan of Palhanpur (Bhadaiya), , We are hereby submitting to you updated progress and Completion plan of Palhanpur (Block Bhadaiya)Total Estimated Cost Rs. 484.11 lakh and Net Payment Received Rs. 225.7 lakh.**

| S.NO | COMPONENTS | SCOPE | COMPLETED | BALANCE | TARGET DAY OF COMPLETION |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell (Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 2 | OP & Compressor(Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 3 | Pump House(Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 4 | BW(Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 5 | Distribution(Kms) | 25.7 | 23.9 | 1.8 | |
| 6 | FHTC(Nos) | 716 | 320 | 396 | 20 Nov. 26 |
| 7 | Solar(Kw) | 1 | 1 | 0 | |
| 8 | Regular Water Supply | 716 | 0 | 716 | 30 Nov. 26 |
| 8 | OHT( 275 KL 16M Staging)-Job | 1 | 0.1 | 0.9 | Team will be deployed in August & will be com. Till 30 dec 26 |

Thanking you and assuring you of our best services at all the times.

Your Sincerely,

For **Vindhya Telelinks Ltd. - Gaja Engineering Pvt. Ltd. JV**
(Authorized signatory)

Scanned with OKEN Scanner

# पाल्हनपुर में जलजीवन मिशन की टंकी अधूरी: एक साल से काम ठप, 4420 ग्रामीण पेयजल संकट का सामना कर रहे

सुरेन्द्र कुमार | बालमपुर(लम्भुआ), सुलतानपुर
1 दिन पहले



भदैयां क्षेत्र के पाल्हनपुर गांव में केंद्र सरकार की 'हर घर जल' योजना के तहत बन रही पेयजल टंकी का निर्माण कार्य लगभग एक साल से अधूरा पड़ा है। 484.11 लाख रुपये की लागत वाली यह परियोजना ठेकेदार की कथित लापरवाही के कारण ठप है, जिससे हजारों ग्रामीण पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं।

निर्माण कार्य रुकने से पाल्हनपुर, पूरेकिरता, गुपसाड, नरायनपुर, धनीपुर और नौवस्ता सहित छह राजस्व गांवों के 4420 ग्रामीण गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। योजना के तहत 275 किलोलीटर क्षमता वाली इस टंकी से 716 घरों में पानी की आपूर्ति की जानी थी।

यह पेयजल टंकी स्वच्छ जल ग्रामीण पेयजल योजना का हिस्सा है। इसके निर्माण की जिम्मेदारी एक कार्यदायी संस्था को सौंपी गई है, जिसकी निगरानी जल निगम के अधिकारी कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण ही निर्माण कार्य बाधित है।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us

वीडियो
और देखें

आज का राशिफल
मेष
मेष | Aries
पॉजिटिव- पैतृक संपत्ति से जुड़ा कोई मामला चल रहा है, तो आज आपसी बातचीत से उसका हल निकलने की संभावना है। कामकाजी महिलाएं घर-

विदेश

राशिफल

टेक - ऑटो

फेक न्यूज एक्सपोज़

ओपिनियन

मधुरिमा

मैगजीन

यूटिलिटी

लाइफ - साइंस


Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store




ग्रामीणों अजय कुमार, शिवकुमार, फूलचंद, रामकुमार, बीडीसी अरविंद पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, प्रदीप यादव और राजेश कुमार ने जिलाधिकारी से घरों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने इस संबंध में शिकायतें भी दर्ज कराई हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। वर्तमान में, अधूरी टंकी घास-फूस से पटी पड़ी है।

ग्राम प्रधान राजेश यादव ने बताया कि उन्होंने उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी है और जल्द ही काम शुरू कराने का आश्वासन मिला है। उधर, जलजीवन मिशन के जेई धर्मराज यादव ने बताया कि पूर्व में कार्य कर रही कंपनी ने मजदूरों की मजदूरी बकाया कर दी थी, जिसके चलते मजदूर कार्य छोड़कर चले गए। उन्होंने आगे बताया कि अब टंकी में गाद (सिल्ट) जम गई है, जिसकी जल्द ही सफाई कराकर पानी की आपूर्ति शुरू कराई जाएगी।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us

## खबरें और भी हैं...

**सुल्तानपुर में पति समेत ससुराल वालों पर FIR:** दहेज में कार न मिलने पर नवविवाहिता से की मारपीट, घर से निकाला



सुल्तानपुर ›

**सुल्तानपुर में सुन्नी समुदाय ने निकाला पहला मोहर्रम जुलूस:** गुलाम मोईनुद्दीन बोले- कर्बला का संदेश सच्चाई और इंसाफ के लिए आवाज उठाना



सुल्तानपुर ›

**आप प्रवक्ता बोले-सरकारी तंत्र जनता का हक मार रहा:** भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेगी पार्टी, मीटिंग लेकर चुनाव पर किया चर्चा



सुल्तानपुर ›

**भाजपा नेत्री की बेटी से 39 हजार की ठगी:** गूगल से डॉक्टर का नंबर खोजना पड़ा महंगा, खाते से निकाले रुपए



सुल्तानपुर ›

और पढ़ें

Advertise with Us | DB Reporter | Sitemap |
Terms & Conditions and Grievance Redressal Policy |
Contact Us | RSS | Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions
DainikBhaskar,com
DivyaBhaskar,com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi,com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd,com

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.